# भारत सरकार
# रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्त्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

## सूचना

**केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी-01/2019 (लेवल-1 पद)**
**के अभ्यर्थियों के ध्यानाकर्षण हेतु**

**परीक्षा शुल्क की वापसी - बैंक खाता विवरण को पुन: अपडेट करना**

1. केन्द्रीकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी-01/2019 के तहत परीक्षा शुल्क की वापसी के संबंध में रेलवे भर्ती बोर्ड नोटिस दिनांक 13.04.2023, 21.04.2023 और 03.05.2023 के क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि गलत/ अपूर्ण बैंक विवरण के कारण बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का **रिफंड** नहीं किया जा सका। इसलिए उन उम्मीदवारों को, जिनका रिफंड गलत/अपूर्ण बैंक विवरण के कारण नहीं हो सका है, अंतिम अवसर के रूप में बैंक विवरण को फिर से अपडेट करने के लिए लिंक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिन उम्मीदवारों का रिफंड अभी तक नहीं किया गया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने बैंक खाते के विवरण को अपडेट करने के लिए इस अंतिम अवसर का उपयोग करें।

2. कुछ उम्मीदवारों ने परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/डेबिट कार्ड के माध्यम से किया था और उसी लेनदेन मोड के माध्यम से **रिफंड** का विकल्प चुना था। वर्तमान में उनका इंटरनेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/डेबिट कार्ड बंद/बदला हुआ हो सकता है, जिसके कारण बैंक द्वारा खाते का विवरण प्राप्त नहीं किया जा सका और रिफंड नहीं किया जा सका। ऐसे उम्मीदवारों को भी लिंक के माध्यम से अपने बैंक विवरण को अपडेट करने की सलाह दी जाती है।

3. ऐसे सभी उम्मीदवारों जिनका रिफंड अभी तक नहीं हुआ है को पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर एक ई-मेल और एसएमएस भेजा जाएगा। दिए गए लिंक के माध्यम से बैंक खाता विवरण भरने के दौरान ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी।

4. उम्मीदवारों द्वारा यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि दर्ज किया गया बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड सही है और उन्हें सबमिट करने से पहले बैंक खाता विवरण और आईएफएससी कोड को ध्यान से जांच कर लिया गया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान दिया जाना आवश्यक है कि सबमिट करने के उपरांत बैंक विवरण में संशोधन नहीं होगा। रेलवे भर्ती बोर्ड, उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत गलत विवरण के कारण **रिफंड** की विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं इस संबंध में आगे उम्मीदवारों के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**टिप्पणी (NOTE) :**

i. लिंक रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक 26/04/2024, सुबह 10.00 बजे से 05/05/2024, शाम 05.00 बजे तक उपलब्ध होगा।
ii. रेलवे भर्त्ती बोर्ड के रिकॉर्ड से अभ्यर्थियों के विवरण के सत्यापन के बाद ही परीक्षा शुल्क वापसी (बैंक शुल्कों की कटौती के बाद) स्वीकार्य होगा।
iii. गलत, अपूर्ण और/या देर से किए गए दावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
iv. **एक बैंक खाते में केवल एक रिफंड की ही अनुमति होगी।**

सभी अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि अपडेट/**सूचनाओं** के लिए **रेलवे भर्त्ती** बोर्डों के आधिकारिक वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

दिनांक : 25.04.2024

अध्यक्ष
**रेलवे भर्त्ती बोर्ड**

**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF RAILWAYS**
**RAILWAY RECRUITMENT BOARDS**

सत्यमेव जयते

# NOTICE

**Attention for the Candidates of CEN No. RRC - 01/2019 (Level – 1 Posts)**
**Refund of Examination Fee – Re-Updation of Bank Account Details**

1. In continuation to RRBs Notices dated 13.04.2023, 21.04.2023 and 03.05.2023 regarding refund of examination fee against CEN RRC-01/2019, it is further informed that refund of **large number of Candidates could not be done due to wrong/incomplete Bank Details. Hence, it has been decided to provide link to re-update Bank Details as a last and final opportunity to those candidates whose refund could not be done due to wrong/incomplete Bank Details. Candidates whose refund has not been made as yet are advised to make use of this last time opportunity to update their Bank Account Details.**
2. **Some** candidates had paid examination fee through Internet Banking/Credit card/UPI/ Debit Card and had opted for refund through same transaction mode. Now, their Internet Banking/Credit card/UPI/ Debit Card may have been closed/changed due to which account details could not be fetched by the Bank and refund could not be made. Such candidates are also advised to update their Bank Details through the link.
3. **An E-mail and SMS** will be sent to all such candidates on registered E-mail ID and mobile no. whose refund has not been made as yet. **An OTP authentication** will be required during filling of Bank Account Details through the link provided.
4. **Candidates are requested to ensure that the Bank Account Number and IFSC Code entered are correct and advised to carefully check Bank Account Details and IFSC Code before submitting the same. It may be noted that modification of bank details after submission will not be possible**. RRBs shall not be responsible for further failure of refund, if any, on account of incorrect details furnished by the candidates and will not entertain further correspondence in this regard.

**NOTE :**

i. Link will be available from **26/04/2024, 10.00 AM to 05/05/2024, 05.00 PM**. on the official websites of RRBs.
ii. Refund (after deduction of Bank charges) will be admissible subject to verification of the candidate particulars with RRB records.
iii. Incorrect, Incomplete and/or late claims will be summarily rejected.
iv. **ONLY ONE REFUND PER BANK ACCOUNT WILL BE ALLOWED**.

All candidates are advised that they should keep viewing the official website of RRBs regularly for further updates/notices.

Date : 25 /04/2024

**Chairpersons**
**Railway Recruitment Boards**